<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में विपक्ष को दिया जवाब। कहा–पाकिस्तान ने ही भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने का किया था आग्रह।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित सभा स्थल का किया निरीक्षण। जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान रखने का अधिकारियों को दिया निर्देश।
- मुख्यमंत्री ने की प्रयागराज और विंध्याचल मंडल के विकास योजनाओं की समीक्षा। कहा–इन क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दे रही है सरकार।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में रूक–रूक कर गरज चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी। बढ़ रहा है कई नदियों का जलस्तर।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विश्व के किसी भी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा। लोकसभा में कल ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने अमरीका के दबाव में पाकिस्तान के साथ युद्धविराम समझौते पर सहमति देने के विपक्ष के आरोप को खारिज किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ही भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने का आग्रह किया था और कहा था कि वे अब और नहीं सह सकते।

***दुनिया के किसी भी नेता ने भारत के ऑपरेशन रोकने के लिए नहीं कहा। अमेरिका के उप–राष्ट्रपति जी ने मुझे फोन पर बताया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है। मेरा जवाब था, अगर पाकिस्तान का यह इरादा है तो उसे बहुत महंगा पडेगा।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और भारतीय सशस्त्र बलों ने मात्र बाईस मिनट में आतंकी हमले का बदला ले लिया।

इससे पहले, गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन महादेव के दौरान एक संयुक्त अभियान में पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों के मारे जाने की जानकारी लोकसभा में साझा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में हिस्सा लिया। इस बीच, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा के दौरान केंद्र सरकार पर लड़ने की इच्छाशक्ति की कमी का आरोप लगाया।

**********

पहलगाम आंतकी हमले में शामिल आतंकियों के ऑपरेशन महादेव में सोमवार की सुबह मारे जाने पर कानपुर के पीड़ित परिवार ने कल प्रसन्नता जताई । बाईस अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कानपुर निवासी युवक शुभम द्विवेदी की आतंकियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। ऑपरेशन महादेव में आतंकियों के मारे जाने पर शुभम की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी ने कहा कि उन्हें ये सुनकर बहुत खुशी हो रही है कि जो आतंकी पहलगाम हमले में शामिल थे, वे मारे गए हैं। उन्होंने इसे गर्व का क्षण बताया।

***मैं बहुत खुश फील कर रही हूँ इस चीज को सुन के की ये लोग जो हाथ एक्चुअली पहलगाम अटैक में थे वो मारे गए है वो खत्म हो गए है और ये एक तरीके से एक बहुत प्राउड मूवमेंट है जहाँ पे भी शुभम है वो कहीं पीस पे होगा की मेरे को जिन लोगों ने मेरे साथ गलत किया जिन लोगों ने उन छब्बीस लोगों के साथ गलत किया वो नहीं है।***

शुभम के पिता संजय द्विवेदी ने ऑपरेशन महादेव के लिए सेना के प्रति आभार जताया ।

***जिस तरह हमारी सेना ने साहस और शौर्य का पराक्रम का परिचय दिया है उन आतंकवादियों को मार कर के निश्चित तौर पे हम उनको बधाई देते हैं। हम उनका आभार व्यक्त करते हैं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दौरे के दूसरे दिन भी कल वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो अगस्त के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को देखा। उन्होंने सेवापुरी ब्लॉक के बनौली गांव में प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी कतई नहीं होनी चाहिए। श्री योगी ने कार्यक्रम स्थल एवं आसपास सुरक्षा के मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के साथ ही यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए उचित स्थान पर समुचित पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने के लिए भी पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र के***

***इक्यावनवें दौरे पर वाराणसी को 2248 करोड़ की लागत वाली 54 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मनीष कुमार, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल प्रयागराज में विंध्याचल और प्रयागराज मंडल की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं और विकासात्मक प्राथमिकताओं के विषय में व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज और विन्ध्यांचल क्षेत्र के विकास को सरकार प्राथमिकता दे रही है। यह दोनों ही मण्डल उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान के केन्द्र हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और स्थानीय विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बताया कि प्रयागराज जिले के लिये एक हजार सात सौ प्रस्ताव लिए गए हैं।

***इसके अंदर विशेष पीडब्लूडी की बैठक की जिसके अंदर पीडब्ल्यूडी की कार्य योजना जो बनी है जो 1 किलोमीटर के ऊपर की रोड है, उसके प्रस्ताव लिए गए थे और उसके साथ कितने जो एमडीआरओ डीआर के हैं। लिंक रोड हैं। जो धर्म मार्ग है। कुछ स्टेट मार्ग जाए। इन सब के बारे में विशेष रूप से पूरा चर्चा हुई और प्रयागराज के अंदर 1700 प्रपोजल्स लिया गया है।***

**********

नागपंचमी के उपलक्ष्य में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्राइजमनी पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता कल सम्पन्न हो गयी। त्रिस्तरीय प्रतियोगिता में गौतमबुद्धनगर के पहलवान जोटी भाटी ने उत्तर प्रदेश केसरी का खिताब जीत लिया। गोरखपुर के सौरभ उत्तर प्रदेश कुमार खिताब के विजेता बनें। वहीं वीर अभिमन्यु खिताब को गोण्डा के मोनू पहलवान ने जीत लिया। सभी विजेताओं को मुख्यमंत्री ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों से सम्बन्धित अवस्थापना सुविधाओं के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इस दौरान प्रदेश के खेल राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव भी मौजूद रहे।

**********

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–एनईपी दो हजार बीस, सभी के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई एक दार्शनिक रूपरेखा है। नई दिल्ली में अखिल भारतीय शिक्षा समागम में कल उन्होंने कहा कि यह वर्ष दो हजार सैंतालीस की विकसित भारत की परिकल्पना को प्राप्त करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण मार्ग बन गई है।

***माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की इस टास्क फॉर्मेटिव विजन जिसमें उन्होंने शिक्षा को भारत की ग्रौथ स्टोरी के साथ सपना देखा, इसको केन्द्र बिन्दु बनाया। हमारे सामने लक्ष्य है, 2047 विकसित भारत की ओर जाते हुए नेशनल मिशन के नाते एनईपी ट्वेंटी–ट्वेंटी हमारी प्राथमिकता बनी हुई है।***

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में बीते तीन दिनों से बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर गरज–चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी है। कुछ स्थानों पर हल्की तो कुछ स्थानों पर भारी वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। लगातार हो रही वर्षा के चलते एक ओर जहां जन–जीवन प्रभावित हुआ है वहीं, उमस भरी गर्मी से राहत भी मिली है। अधिकांश पूर्वी जिलों में आज सुबह से ही घने बादल छाये हुए हैं और बूंदाबांदी से लेकर हल्की वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिए प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ जगहों पर भारी वर्षा और बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है। उधर, पहाड़ों पर हो रही वर्षा के चलते नदियों का जलस्तर भी बढ़ रहा है। बदायूं के कछलाब्रिज और बलिया में गंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा नदी और कुशीनगर में गंडक नदी खतरे के निशान से करीब आधा मीटर नीचे बह रही हैं। औरैया में यमुना और इटावा में चंबल नदी का जलस्तर बढ़ रहा है।

**********